आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 30 लखनऊ, रविवार 14 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## योगीजी ने पूर्वांचल को मच्छर मुक्त बनाया और माफिया यूपी के बाहर घर ढूंढ़ने लगे : अमित शाह

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आजमगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इसी बीच गृह मंत्री ने पूर्ववर्ती अखिलेश यादव सरकार पर जमकर निशाना



साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश जी मैं योगी सरकार को एक सर्टिफिकेट देना चाहता हूं। उन्होंने पूर्वांचल को मच्छरों और माफिया दोनों से मुक्त कर दिया। यहां पर पहले मच्छरों का शासन था। गोरखपुर और पूर्वांचल में मच्छरों के कारण दिमागी बुखार से बच्चे मारे जाते थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के स्वच्छता अभियान को योगी आदित्यनाथ ने जमीन पर उतारा। जिसकी वजह से मच्छर मुक्त पूर्वांचल बनाया। जिस प्रकार का शासन यहां पर चला है माफिया उत्तर प्रदेश के बाहर घर ढूंढ़ने लगे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने मोदी जी को २ बार पूर्ण बहुमत वाला प्रधानमंत्री बनाया और मोदीजी भी उत्तर प्रदेश से ही गए हैं। काशी से चुन कर गए और फिर उन्होंने देशभर के ६० करोड़ गरीबों के कल्याण का कार्यक्रम हाथ में लिया। उनके लिए में घर, बिजली, शौचालय, स्वास्थ्य के कार्यक्रम, पीने का पानी और गैस का सिलेंडर दिया। उन्होंने कहा कि यह समाजवादी पार्टी, बसपा और कांग्रेस कहती थी कि मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तिथि नहीं बनाएंगे। लेकिन आज मैं डंके की चोट में कहता हूं कि आपने नरेंद्र मोदी को दूसरी बार अधिकार दिया। जिसके बाद अयोध्या की उसी भूमि पर भव्य रामलला के मंदिर का शिलांयास करने का काम किया। दुनियाभर के करोड़ों भारतीयों के मन में था कि अयोध्या में हमारे आराध्य भगवान राम का मंदिर बने और इस अपेक्षा को मोदी जी ने पूरा किया। इसी बीच गृह मंत्री अमित शाह ने धारा ३७० का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब से जगसंघ की स्थापना हुई तब से हर घोषणापत्र में भाजपा का एक वादा होता था कि धारा ३७० को हटाकर हम कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाएंगे। ऐसे में यह लोग हमें ताना देते थे। कैसे हटाओगे ? लेकिन जब मन मजबूत होते हैं, इरादे पक्के होते हैं तो सबकुछ हो जाता है। आप लोगों ने दोबारा बहुमत दिया और मोदी जी ने ५ अगस्त को धारा ३७० को समाप्त कर दिया और हमेशा के लिए कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का काम मोदी जी ने किया।

## देश में कोरोना से बढ़ा मौत का आंकड़ा, २४ घंटे में गयी ५५५ मरीजों की जान

नयी दिल्ली। देश में पिछले २४ घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के ११,८५० नये मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या ३,४४,२६,०३६ हो गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर १,३६,३०८ हो गई है जो पिछले २७४ दिनों में सबसे कम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों में यह जानकारियां सामने आईं। सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक देश में इस अवधि में ५५५ मरीजों की मौत होने से महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर ४,६३,२४५ हो गई है। कोरोना वायरस संक्रमण के नये मामलों में दैनिक वृद्धि लगातार ३६ दिनों से २०,००० से नीचे है और यह १३६ दिनों से ५०,००० से कम बनी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर १,३६,३०८ हो गई है जो कुल संक्रमण का ०.४० प्रतिशत है। यह मार्च २०२० के बाद से सबसे कम है। कोविड–१९ से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर ९८.२६ प्रतिशत दर्ज की गई है जो मार्च २०२० के बाद से सबसे ज्यादा है। पिछले २४ घंटों में कोविड–१९ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या




में १,१०८ की कमी दर्ज की गई। दैनिक संक्रमण दर ०.६४ प्रतिशत है। यह पिछले ४० दिनों से दो प्रतिशत से नीचे है। साप्ताहिक संक्रमण दर भी १.०५ प्रतिशत दर्ज की गई जो पिछले ५० दिनों से दो प्रतिशत से कम है। बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर ३,३८,२६,४८३ हो गई है जबकि मृत्यु दर १.३५ प्रतिशत है। देश में राष्ट्रव्यापी कोविड–१९ टीकाकरण अभियान के तहत कुल १११.४० करोड़ टीके दिए जा चुके हैं।

## गोरखपुर में अखिलेश यादव ने शुरू की समाजवादी विजय रथ यात्रा

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर होगा। भाजपा की कुनीतियों से त्रस्त प्रदेश की जनता ने इस सरकार को सत्ता से हटाने का मन बना लिया है। प्रदेश में बदलाव होना तय है। उन्होंने कहा समाजवादी सरकार आने पर किसानों, नौजवानों, बुजुर्गों, महिलाओं समेत हर वर्ग का ध्यान रखा जाएगा। अखिलेश यादव ने गोरखपुर में विजय रथ यात्रा की शुरुआत की। उनकी रथ यात्रा रजही मोड़ से शुरू हुई। कोनी मोड़ पर रथ पर सवार होकर लोगों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि गरीबों की जेब काटकर भाजपा सरकार अमीरों की तिजोरी भर रही है। ३ महीने में ६०० गुना से ज्यादा मुनाफा तेल कम्पनियों को हुआ है। खाने के तेल और रसोई गैस का दाम कहां से कहां पहुंच गया है, भाजपा बताए जो मुनाफा कमाया वह कहां गया? अखिलेश यादव ने कहा



कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा ने सभी सरकारी संस्थाओं को कमजोर किया है। भाजपा बाबा साहब डॉ० भीमराव अम्बेडकर द्वारा दलितों, पिछड़ों को दिए गए संवैधानिक अधिकार भी छीनने की साजिश कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि नौजवानों, किसानों, महिलाओं, व्यापारियों, मजदूरों में भाजपा सरकार की नीतियों को लेकर आक्रोश और नाराजगी है। समाजवादी विजय रथ यात्रा प्रदेश में परिवर्तन के लिए निकाली जा रही है। जनता समाजवादी पार्टी के साथ है। जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। समाजवादी पार्टी के प्रति आम जनता, नेताओं और कार्यकर्ताओं का भरोसा बढ़ा है। गोरखपुर में समाजवादी विजय रथ यात्रा को मिल रहे भारी समर्थन से भाजपाई सत्ता की चूलें हिल गयी हैं। गोरखपुर में मिले जनसमर्थन से २०२२ में सपा के पक्ष में बयार और बुलन्द हो गई है। गोरखपुर से कुशीनगर के लिए शुरू हुई समाजवादी विजय रथ यात्रा का जगह–जगह ऐतिहासिक स्वागत हुआ। यात्रा को लेकर सपाइयों में जबरदस्त उत्साह रहा। सिर पर लाल टोपी और हरा लाल झण्डा लिए समाजवादी पार्टी के लाखों की संख्या में कार्यकर्ता,नेता और जनसामान्य यात्रा में शामिल हुए। अखिलेश यादव के समाजवादी विजय रथ यात्रा पर सवार होते ही समाजवादियों ने गगनभेदी नारों से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर ढ़ोल– नगाड़ों और नारों की गूंज कार्यकर्ताओं के जोश को बढ़ाने का काम कर रही थी। हर तरफ सपा के झंडे, लाल टोपी का जोर दिखाई दिया। सड़कों के दोनों किनारे पर रथ यात्रा के स्वागत के लिए भारी भीड़ रही। अखिलेश यादव के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं और आम जनता ने गोरखपुर में कई किलोमीटर तक मानव श्रृंखला बनाई। हजारों की संख्या में आम जनता, सपा नेता और कार्यकर्ता, झंडे बैनर लेकर जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रथ यात्रा में शामिल रहे। विजय रथ यात्रा में नौजवानों की जबरदस्त भागीदारी रही। ऐसा उत्साह इससे पहले किसी नेता के स्वागत में नहीं देखा गया। पूरा गोरखपुर आज समाजवादी पार्टी के नारों से गूंजता रहा। इसके साथ ही जन मन में यह विश्वास भी घर कर गया है कि सपा की सरकार बनने की इबारत सुनहरे अक्षरों में लिख गई है।

# सम्पादकीय

## लोकतंत्र में खुलेआम कुछ कहने की गुंजाइश नही

कुछ वर्ष पहले यह कल्पना से भी बाहर था कि अगर किसी राज्य में कई दिनों तक लगातार हिंसा जारी रहने पर किसी पत्रकार ने कड़ी टिप्पणी कर दी, तो उसके खिलाफ उस कानून के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा, जिसे आतंकवादियों से निपटने के लिए बनाया गया था। लेकिन ऐसा अब आम बात होती जा रही है। ताजा मामला यह है कि पिछले महीने त्रिपुरा में अगर कई दिनों तक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा चलती रही। उस पर दिल्ली स्थित एक पत्रकार ने अपने ट्विट में कह दिया कि त्रिपुरा इज बर्निंग। यानी त्रिपुरा जल रहा है। उस पर त्रिपुरा पुलिस ने गैर–कानूनी गतिविधि निवारक कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज कर लिया। उसके अलावा भी १०१ लोगों पर सोशल मीडिया पर त्रिपुरा की खबरों को शेयर करने या उन पर टिप्पणी करने के आरोप में यही धारा लगा दी गई है। जबकि लोकतंत्र में अगर ऐसी टिप्पणियों में अतिशयोक्ति हो, तब भी उन्हें अपेक्षित और उचित माना जाता है, क्योंकि उससे प्रशासन पर स्थिति को सुधारने के लिए दबाव बनता है। मीडिया का असल दायित्व ही यह है कि वह सच को सामने लाए और इस तरह अधिकारियों को जवाबदेह बनाने में सहायक बने। मगर मौजूदा शासन में हर कुछ समय पर किसी ना किसी मामले में ट्विट या सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना करने वाली टिप्पणियों को लेकर कानूनी कार्रवाई की खबर आ जाती है। आखिर सरकार का ये नजरिया क्यों है? क्या वह ऐसा करके अपने लिए असहज सूचना के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित करना चाहती है? या वह ये कार्रवाई करके अपने समर्थक वर्ग में अपनी मजबूती का संदेश देना चाहती है? त्रिपुरा के संदर्भ में ऐसी कार्रवाई से समर्थक वर्ग को इस बात का संतोष जरूर मिल सकता है कि एक समुदाय विशेष को वहां 'ठीक कर दिया गया है'। साथ ही उनके पक्ष में आवाज उठाने वालों को भी ठिकाने लगाया जा रहा है। इन कार्रवाइयों के पीछे एक मकसद इस बात की भी लगातार पुष्टि करते रहना हो सकता है कि आज की सरकार की राजनीतिक विचारधारा से जो लोग सहमत हैं, सिर्फ वही राष्ट्र प्रेमी हैं। बाकी लोग संभल जाएं और यह मान लें कि अब भारतीय परिवेश में उनके लिए खुलेआम कुछ कहने की गुंजाइश नहीं रह गई है।


## यातायात नियमो के उल्लघन पर कुल ५० वाहनो से ६७५०० रू० का पेण्डिग ई-चालान किया गया।

मोहम्मद अरशद मऊ। यातायात माह नवम्बर –२०२१ के क्रम में प्रभारी यातायात संतोष कुमार यादव, TSI–मो० रूस्तम खान, TSI–राम अचल पाल, HCP रमेश कुमार, हे०का० सुनील कुमार सिंह, का० प्रवीण कुमार, का० संजय यादव, होम गार्ड करन सिंह, पंकज कुमार सिंह टीम के साथ, गाजीपुर तिराहा, बाल निकेतन तिराहे, आजमगढ़ तिराहा, भीटी, सदर चौक पर ई–रिक्सा चालको/टेम्पो चालको/टैक्सी चालको/बस चालको/ट्रक चालको/परिचालको को यातायात नियमो व संकेतो के बारे मे जानकारी प्रदान की गयी ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहनो पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप निशुल्क लगायी गयी। वाहन चालको/पैदल यात्रीगण को यातायात नियमो के वारे मे जानकारी प्रदान की गयी व बताया गया कि वह अपने साथ सभी प्रकार के वैध प्रपत्र लेकर चले जैसे रजिस्ट्रेशन, डी०एल०, इंशोरेन्स, फिटनेश लेकर चले तथा कोविड–१६ के नियमो का पालन करे। इसी क्रम मे गाजीपुर तिराहा, आजमगढ तिराहा, बाल निकेतन आदि स्थानो पर यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकोध्स्वामियो के विरूद्ध प्रभारी यातायात संतोष कुमार यादव, TSI–मो० रूस्तम खान, TSI–राम अचल पाल, HCP रमेश कुमार, हे०का० सुनील कुमार सिंह, का० प्रवीण कुमार, का० उमाकान्त मौर्या, का० संजय यादव होम गार्ड करन सिंह, पंकज कुमार सिंह टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमो के उल्लघन पर कुल ५० वाहनो से ६७५०० रू० का पेण्डिग ई–चालान किया गया।




## महिला संविदा कर्मी के साथ छेड़छाड़ मामले में सेक्शन प्रभारी इच्छाराम यादव गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के यहां स्थित कार्यालय में सेक्शन प्रभारी इच्छाराम यादव को एक महिला संविदा कर्मी के साथ छेड़छाड़, जोर जबरदस्ती करने, सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकतें करने और धमकाने के मामले में लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लिया है। पीड़ित महिला की ओर से इस मामले में आरोपी की हरकतों का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर डालने के बाद पुलिस ने इस पर संज्ञान लेते हुये आरोपी इच्छाराम को कल देर रात गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार पीड़ित महिला ने गत २६ अक्टूबर को ही लखनऊ स्थित हुसैनगंज पुलिस थाने में इस आशय की एफआईआर दर्ज करा दी थी। एफआईआर पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद आरोपी की ओर से पीड़िता के साथ कार्यालय परिसर में ही फिर से जोर जबरदस्ती किये जाने पर उसने इसका वीडियो बनाकर



सोशल मीडिया पर डाल दिया। इसमें आरोपी पीड़िता को जबरन उसके साथ चलने को मजबूर करता दिख रहा है। एफआईआर में दर्ज मामले के तथ्यों के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया है कि आरोपी सेक्शन इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। जबकि उसी विभाग में पीड़िता खुद संविदाकर्मी है और आरोपी २०१८ से उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुये उसकी बात न मानने पर नौकरी से निकालने और बदनाम करने की धमकी भी दे रहा है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा ३५४ (महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आशय से मर्यादा भंग करना), धारा २६४ (सार्वजनिक स्थल पर अश्लीलता करने) और धारा ५०६ (धमकी देने) के तहत मामला दर्ज कर लिया था। मामले में विलंब से गिरफ्तारी किये जाने के बारे में पुलिस की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल पायी है। एफआईआर के बाद भी आरोपी की हरकतें जारी रहने पर पीड़िता की ओर से इसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाले जाने के बाद पुलिस ने बुधवार रात को इच्छाराम को हिरासत में लिया है।

## मार्च तक फ्री राशन देगी योगी सरकार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में २०२२ आगामी विधानसभा के चुनाव को ले कर जहां विपक्ष बड़े–बड़े संकल्प और वादे कर रहे हैं वहीं सूबे की योगी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए उस पर मुहर लगा दी है। अब योगी सरकार मार्च माह तक फ्री राशन देगी जिससे महकमे में लोगों के चेहरे एक बार फिर खिलखिला उठे हैं। पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्ड धारकों सरकार २०२२ तक गेहूं,चावल के साथ १ किलो चना,१ लीटर खाद्य तेल के साथ १ किलो आयोडीन नमक भी प्रदान करेगी। योगी ने इस महत्वपूर्ण फैसले पर बुधवार को मुहर लगा दी है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान मार्च तक मुफ्त राशन दिए जाने की घोषणा की थी। अंत्योदय कार्ड धारकों को राशन में ३५ किलो चावल, गेहूं के साथ–साथ दाल, तेल और नमक दिया जाएगा। इस योजना से १५ करोड़ लोगों को फायदा मिलेगा।

## केजीएमयू में नवस्थापित स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग के संचालन सम्बंधी प्रस्ताव को मंजूरी

लखनऊ। मंत्रिपरिषद ने भारत सरकार की योजना के तहत किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में नवस्थापित स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग के संचालन सम्बंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के अनुसार भारत सरकार से मिली सहायता के पांच सालों के बाद (२० अक्टूबर, २०२२) से केजीएमयू में नवस्थापित स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग का संचालन राज्य सरकार के बजट से किया जाएगा। इस विभाग के संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनुमन्य/सृजित १३ पदों को पूर्ववत जारी रखा जाएगा



और उस पर होने वाले व्यय भार को राज्य सरकार वहन करेगी। स्पोर्ट्स मेडिसिन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए जाने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप पद सृजन किए जाने की कार्यवाही अलग से नियमानुसार की जाएगी। इस निर्णय से प्रदेश और प्रदेश के बाहर के खिलाड़ियों को खेल के दौरान लगने वाली चोट और शारीरिक समस्याओं में समुचित उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## पुलिस ने शातिर वाहन चोर को दबोचा

लखनऊ। राजधानी में मुठभेड़ का सिलसिला जारी है। बीती रात पुलिस और युवक में हुई मुठभेड़ के बाद शातिर के बाएं घुटने में गोली लगने से वो घायल हो गया। पुलिस ने उसको लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। लखनऊ के पक्का पुल से जो सड़क बंधा रोड की ओर जाती है वहां बीती रात पुलिस की बुलेट सवार शातिर वाहन चोर शोएब उर्फ अयान से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान गोली चलने से उसके दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लगने से युवक जिसका नाम शोएब बताया जा रहा है घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। एडीसीपी नार्थ प्राची सिंह ने बताया कि बुधवार रात हसनगंज पुलिस बंधा रोड के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इस बीच नया पक्का पुल से बिना नंबर की बुलेट निकली। पुलिस टीम ने बुलेट सवार युवक को गाड़ी रोकने का इशारा किया लेकिन उसके गाड़ी ना रोकने की वजह पुलिस को गाड़ी चलाते युवक पर शक हुआ और पुलिस ने पीछा किया जहां पुलिस और शोएब में मुठभेड़ हो गयी।

# ३०० पार का नारा लेकर चुनावी अभियान की रणनीति बनाएंगे गृहमंत्री अमित शाह

**आरती पाण्डेय**

लखनऊ/वाराणसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार के दिन दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर पहुंच गए हैं। शाम के करीब साढ़े चार बजे गृहमंत्री वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र



देव सिंह ने अमित शाह का स्वागत किया।अमित शाह बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में महामना की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि दिया और जनता के अभिवादन को स्वीकार किया। वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं और जनता ने हर–हर महादेव के उद्घोष से शाह का स्वागत किया। इसके साथ ही वह प्रदेश की चुनाव प्रबंधन टीम की बैठक के समापन सत्र में करीब तीन घंटे के मंथन में विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति को तय करेंगे।इसके बाद वह शाम को बड़ालालपुर स्थित ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर रवाना हो गए। जहां अमित हस्तकला संकुल में भाजपा के चुनाव प्रबंधन की टीम के साथ विधानसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीति को तय करेगी। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा के जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे। गृह मंत्री शनिवार को राजभाषा विभाग के पहले अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन भी करेंगे।इसके बाद वह दोपहर में आजमगढ़ जाएंगे और वहां चुनावी शंखनाद की गूंज को फैलाएंगे। रथम सत्र को संबोधित करने के दौरान प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने कहा कि किसान खेत की फसल तभी काट सकता है, जब उसके पास कोई धारदार हथियार हो। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि चुनाव की फसल काटने के लिए हम सबके पास मोदी – योगी द्वारा किए गए समाज कल्याण के कार्य धारदार हथियार के रूप में हैं।वही प्रथम सत्र की बैठक में प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल ने काशी, गोरखपुर, अवध, कानपुर, पश्चिम और ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी का वृत्त लिया। इसके अलावा उत्त्तर प्रदेश में भाजपा के दिग्घ्गज नेता और गृहमंत्री अमित शाह का मिशन ३०० पार का नारा लेकर चुनावी अभियान की शुरुआत में जुटी भाजपा पूर्वांचल से ही अपनी रणनीति बनाएगी। क्षेत्र प्रभारियों के अलावा पार्टी के अन्ध्य पदाधिकारियों सहित कुल ६५० पदाधिकारियों से संवाद कर उत्त्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को जीतने का मंत्र देंगे। पार्टी की ओर से आगामी चुनावों के लिए बहुत पहले से ही कमर कसने और सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार को जनता के बीच करने का संदेश दिया जा चुका है।इसके साथ ही पहले सत्र में केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान इसकी अध्यक्षता करेंगे। दूसरे सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री अमित शाह करेंगे। इसमें छह सौ से ज्यादा पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और यहां अलग–अलग चरणों में पार्टी का शीर्ष के नेतृत्व पर चर्चा करेगे।

# बसपा प्रमुख मायावती की मां रामरती का निधन, ९२ वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती की मां रामरती का शनिवार को निधन हो गया। मायावती की मां ने दिल्ली के अस्पताल में अंतिम सांस ली। बसपा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। बसपा ने बताया कि पूज्य माता रामरती जी का इलाज के दौरान अस्पताल में हृदय गति रुकने से स्वर्गवास हो गया है। वे लगभग ९२ वर्ष की थीं। वे बहुत ही नेक व विशुद्ध परिवारिक महिला थीं तथा अपने सभी बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए उन्होंने हमेशा बड़ी मेहनत व लगन से काम किया। बसपा ने कहा कि मायावती की मां अपने आखिरी समय तक परिवार के



बीच ही रहीं तथा सभी लोगों के लिए शक्ति व प्रेरणा की खोरा बनी रहीं। यह दुःखद खबर मिलते ही मायावती अपनी माता जी के अन्तिम दर्शन करने ३ त्यागराज मार्ग, नई दिल्ली पहुंच रही है। आपको बता दें कि मायावती की मां का अंतिम संस्कार १४ नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होगा। मां रामरती काफी समय से बीमार चल रही थीं। इसी वजह से उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रमुख की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया है। करीब एक साल पहले मायावती के पिता प्रभु दयाल का ९५ साल की उम्र में निधन हो गया था।

# नई दिल्ली से झांसी जा रही ताज एक्सप्रेस की बोगी में लगी आग

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार ताज सुपर फास्ट ट्रेन में आग लगने की खबरे सामने आयी है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि झांसी बाउंड ०४०६२ ताज सुपर फास्ट (एसएफ) एक्सप्रेस के एक वातानुकूलित डिब्बे में शनिवार सुबह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद मामूली आग लग गई। ताज सुपर फास्ट एक्सप्रेस नई दिल्ली से सुबह ६.५६ बजे रवाना हुई और यह घटना हरियाणा के असावती रेलवे स्टेशन पर सुबह ७.४० बजे हुई, जब उसने अपनी यात्रा में लगभग ५० किलोमीटर की दूरी तय की थी। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, स्टेशन मास्टर द्वारा धुआं देखा गया था और इसलिए ट्रेन को रोक दिया गया था। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) दीपक कुमार ने कहा, ब्रेक ब्लक के जाम होने के कारण धुआं निकल रहा था। हजरत निजामुद्दीन– पलवल सेक्शन के बीच असौटी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। आग बुझा दी गई और सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# ३० नवंबर को मेरठ में जनसभा कर पश्चिम में चुनावी बिगुल फूंकेंगी प्रियंका गांधी

मेरठ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ३० नवंबर को मेरठ में चुनावी जनसभा करेंगी। अक्तूबर में प्रियंका का कार्यक्रम फाइनल हुआ था। लेकिन मौसम खराब होने के कारण ऐन वक्त पर कार्यक्रम कैंसिल



हो गया था। शुक्रवार देर शाम पार्टी हाईकमान से फिर से प्रियंका गांधी की मेरठ रैली का कार्यक्रम जारी हुआ। हाईकमान से संदेश मिलते ही शुक्रवार को बुढ़ाना गेट पार्टी कार्यालय पर आकस्मिक बैठक की। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को रैली की तैयारियों में जुटने के लिए कहा गया है। प्रियंका की रैली की सूचना के बाद जिला महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय पर हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, जाहिद अंसारी ने कार्यकर्ताओं को रैली में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने का टार्गेट दिया है। संभवतरू भैंसाली मैदान में प्रियंका गांधी जनसभा करेंगी। बैठक में सीसीएसयू के छात्र प्रवीण पवार सहित अन्य छात्रों ने कांग्रेस की सदस्यता भी ली। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि ३० नवंबर की रैली में अधिकतम भीड़ पहुंचे, शहर के अलावा देहात से भी लोगों को लाकर रैली को सफल बनाना है। जिला प्रभारी प्रदेश सचिव अजीत सिंह दोला व शहर प्रभारी प्रदेश सचिव नसीम खान, हरिकिशन मौजूद रहे।

# विपक्षी दलों पर बरसीं रीता बहुगुणा जोशी, बोलीं- हम मूलरूप से विकास की बात करेंगे, हमारा मुख्य लक्ष्य ही विकास है

**आरती पाण्डेय**

लखनऊ/वाराणसी। वाराणसी में टीएफसी द्वारा आयोजित हुए दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भाजपा की वरिष्ठ नेता रीता बहुगुणा जोशी ने शिरकत की। इस दौरान रीता बहुगुणा ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। रीता बहुगुणा ने कहा कि जाति और धर्म के आधार पर ही विपक्ष चुनाव लड़ने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने साफ तौर पर यह भी कहा कि हम लोग विकास के मुद्दे को लेकर ही मैदान में उतरेंगे, लेकिन अगर राम मंदिर बन रहा है तो उसकी भी चर्चा जरूर करेंगे। हम मूलरूप से सिर्फ विकास, विकास और सिर्फ विकास की ही बात करेंगे। हमारा लक्ष्य ही विकास है। उन्होंने आगे बात करते हुए कहा मोदी और योगी ने जो करिश्मे किए हैं वह हमारे मुख्य आधार है। रीता बहुगुणा जोशी ने साफ तौर पर कहा कि विपक्ष इस समय घबराया और बौखलाया हुआ है। वह यह सोच रहा है कि कैसे किस जाति और समुदाय को अपनी ओर आकर्षित करें। लेकिन अब आप जनता को बेवकूफ नही बना सकते है हमारी जनता बहुत जागरूक हो चुकी है और ऐसे लोगों को अच्छे से जवाब देगी। इसके साथ ही राशिद अल्वी के बयान पर रिता बहुगुणा जोशी ने कहा कि यह बहुत ही आश्चर्यजनक है और संवेदनहीन है। किसी भी धर्म या धर्मावलंबियों पर कुठाराघात करना यह हमारे लोकतंत्र में परमिशन लेबल नहीं है और राशिद अल्वी जी ने यह



बात कैसे कही यह मुझे बड़ा आश्चर्यजनक लगा। बहुगुणा जोशी ने आगे बताया की हिंदी को राजभाषा का दर्जा संविधान ने दिया है। हमारी सरकार ने निरंतर संविधान के अनुसार राजभाषा का हमारे कार्यों में १०० फीसदी पालन किया जाए इसबात पर हिंदी के संवर्धन के लिए और उसके महत्व को बताने के लिए निरंतर प्रयास करते रहते हैं। महात्मा गांधी ने स्वयं यह कहा था कि जिस देश की अपनी राजभाषा ना हो वह देश गूंगा होता है तो राजभाषा को लेकर के हिंदी को जो। संविधान में जगह मिली है उस हिंदी के लिए भविष्य में और क्या करने की आवश्यकता है। इन्ही सब बातों को लेकर के इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

# एयरक्राफ्ट सी–१३० जे सुपर हरक्यूलिस से हाइवे पर उतरेंगे प्रधानमंत्री मोदी

लखनऊ। सड़क सिर्फ रफ्तार नहीं विकास का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश में चुनाव से पहले सड़क सियासत की रफ्तार भी बढ़ा रही है। १६ नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करेंगे। लखनऊ से गाजीपुर तक एक्सप्रेस वे बनकर तैयार है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर तैयारियों को जायजा भी ले लिया है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे दूसरा ऐसा एक्सप्रेस वे होगा जिस पर लड़ाकू विमान उतर सकेंगे। इससे पहले आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ड़ाकू विमानों के लिए हवाई पट्टी तैयार की गई थी। अब पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के लिए भी ऐसी ही तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडि.न एयरफोर्स के विमान में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लैंड करेंगे। एयरफोर्स के विमान वहां पर एयरशो भी करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी इंडियन एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सी–१३० जे सुपर हरक्यूलिस से वहां लैंड करेंगे। इसी इमरजेंसी एयर स्ट्रिप पर फिर फाइटर जेट के मिराज–२००० भी लैंड करेगा। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे



पर तकरीबन एक घंटे ४५ मिनट तक रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडि.न एयरफोर्स के विमान में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लैंड करेंगे। एयरफोर्स के विमान वहां पर एयरशो भी करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रध ाानमंत्री मोदी इंडियन एयरफोर्स के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सी–१३० जे सुपर हरक्यूलिस से वहां लैंड करेंगे। इसी इमरजेंसी एयर स्ट्रिप पर फिर फाइटर जेट के मिराज–२००० भी लैंड करेगा। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर तकरीबन एक घंटे ४५ मिनट तक रहेंगे। युद्ध के दौरान दुश्मन देश अक्सर देश के महत्वपूर्ण एयरबेस को टारगेट करके उन्हें तबाह करने की कोशिश में रहते हैं ताकि उस देश के फाइटर जेट लैंड और टेकअफ न कर सकें। करीब ५० साल पहले पाकिस्तान से युद्ध जैसी आपात परिस्थितियों में वायुसेना के भुज एयरबेस पर जो हुआ, अब वैसी नौबत नहीं आए। इसलिए इस प्रोजेक्ट की जरूरत थी। तब ८ दिसंबर, १९७१ को पाकिस्तान के जेट्स ने वायुसेना के भुज एयरबेस पर बम दागे थे। इससे एयरबेस के रनवे तबाह हो गया था। युद्ध के दौरान वहां सारे हवाई अपरेशन्स में रुक गए थे। भविष्य में ऐसे हालात पैदा न हों इसके लिए यह प्रोजेक्ट जरूरी था।

## उत्तर प्रदेश पुलिस ने पूर्व विधायक अजय राय समेत ७५ कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में लिया

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ट्रेड फैसिलिटी सेंटर का घेराव करने जा रहे कांग्रेस के नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इसके साथ ही कई कांग्रेसी नेताओं को १२ नवम्बर की रात से ही पुलिस ने अपनी हिरासत में नजरबंद करके रखा है। आपको बता दें कि, हिरासत में लिए गए ७५ कांग्रेसी नेताओं को पुलिस लाइन में रखा गया। शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह २ दिन के वाराणसी दौरे ओर आये हुए हैं। अमित शाह की बैठक से पहले ही टीएफसी का भाजपाकरण करने का आरोप लगाकर कांग्रेसी नेता वहां पहुंचकर घेराव करने जा रहे थे। इस विषय मे बात करते हुए कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि इस सरकार ने पहले ही सरकारी संस्थाओं को बेच दिया है और अब जो बची हैं उनका भी भाजपाकरण किया जा रहा है। देखा जाए तो लगातार भाजपा के कार्यक्रम के लिए सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जाता है। गृहमंत्री कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि भाजपा संगठन की बैठक टीएफसी में करेंगे। यह पहली बार नहीं है,



जब ऐसी कोई बैठक हो रही है। हम मांग करते हैं कि सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग बंद किया जाए। इस प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, राधिका देवी, शाक्या त्रिपाठी, ओमप्रकाश ओझा, मनीष मोरोलिया, प्रिंस राय, विश्वनाथ कुंवर, ऋषभ पांडेय, मनोरमा देवी, आरती उपाध्याय, हसन मेंहदी कब्बन समेत अन्य लोगो को हिरासत में लिया गया है।

# कश्मीर में हाड़ कँपाने वाली ठंड का सितम, बीएसएफ की महिला जवानों को मिले आधुनिक बैरक

जम्मू। वैसे तो पूरे उत्तर भारत में ठंड पड़ने लगी है लेकिन जम्मू–कश्मीर में सर्दी ने अभी से सितम ढाना शुरू कर दिया है। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर शहर में इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई है। अधि



ाकारियों ने बताया कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से ३.४ डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। यह कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान भी रहा। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में भी पारा शून्य से नीचे ०.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर में बृहस्पतिवार रात न्यूनतम तापमान ०.७ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे कम तापमान है। घाटी का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले काजीगुंड शहर में तापमान ०.० डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकरनाग में बृहस्पतिवार रात न्यूनतम तापमान १.८ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारामूला जिले के गुलमर्ग रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान ०.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसरी ओर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) डीके बूरा ने आरएस पुरा क्षेत्र में बल की महिला जवानों के लिए अलग बैरकों का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ ने जम्मू, पंजाब और राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर महिला कर्मियों को तैनात किया है जो पुरुष जवानों के साथ पाकिस्तान से लगी सीमा पर पहरा देती हैं। अधिकारियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बेहतर और सुगम रहन–सहन की सुविधाएं प्रदान करने के बल के प्रयासों के तहत बूरा ने जम्मू क्षेत्र के उप महानिरीक्षक सुरजीत सिंह के साथ जम्मू में कावा चाक और सुचेतगढ़ क्षेत्रों में अग्रिम इलाकों में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा संबंधी बुनियादी ढांचों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इनमें महिला जवानों के लिए बैरक और अन्य आवासीय सुविध ााएं शामिल हैं।वहीं श्रीनगर में नशा मुक्त भारत अभियान पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डा. वीरेंद्र सिंह ने शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में नशा मुक्त भारत अभियान के पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता की। यह समारोह देश को नशा मुक्त बनाने में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के समाज कल्याण विभाग तथा जम्मू और कश्मीर प्रशासन के सहयोग से यह समारोह आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आम लोगों का सहयोग सर्वोपरि है और नशा मुक्त भारत का सपना केवल एक मंत्रालय या विभाग द्वारा पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने मिशन से जुड़े सभी हितधारकों को बधाई दी और कहा कि अभियान के तहत चुने गए जम्मू–कश्मीर के दस जिलों ने अब तक बहुत अच्छे और आशाजनक परिणाम दिखाए हैं। इस अवसर पर नशा छोड़ने वाले कई लोगों ने अपने अनुभव भी बताये।

## हार्दिक पांड्या और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पर लगा रेप का आरोप, दाऊद की करीबी ने की शिकायत

नई दिल्ली। अंडरवर्ल्ड डॉन माने जाने दाऊद इब्राहिम के गुर्गे रियाज भाटी की पत्नी रहनुमा भाटी ने अपने पति पर संगीन आरोप लगाए हैं। रहनुमा ने पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में





आरोप लगाया कि उनके पति ने उन्हें सेक्स वर्कर बनाया है। अपनी शिकायत में रहनुमा भाटी ने कई हाई प्रोफाइल नामों का जिक्र भी किया है। रहनुमा भाटी ने अपनी शिकायत में मुंबई इंडियंस और भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के साथ बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पर रेप और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। सनसनीखेज शिकायत कुख्यात गैंगस्टर रियाज भाटी की पत्नी रहनुमा भाटी ने दर्ज कराई थी, जिसे दाऊद इब्राहिम का करीबी माना जाता है। शिकायत में इन दोनों के अलावा भारत के पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल और पृथ्वीराज कोठारी का भी नाम है। हालांकि मुंबई पुलिस ने अभी तक प्राथमिकी को स्वीकार नहीं किया है क्योंकि शिकायतकर्ता अंडरवर्ल्ड से जुड़ा है। यह शिकायत सितंबर में दर्ज की गई थी, लेकिन पुलिस को अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है। रहनुमा ने दावा किया कि रियाज भाटी ने उन्हें हाई–प्रोफाइल व्यवसायियों, राजनेताओं और खिलाड़ियों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। रियाज ने कथित तौर पर मना करने पर उसे और उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। एएनआई से मिली जानकारी के मुताबिक, रियाज भाटी (दाऊद इब्राहिम की कथित करीबी सहयोगी) की पत्नी रहनुमा भाटी ने २४ सितंबर को मुंबई के सांताक्रूज पीएस में रियाज भाटी, मुनाफ पटेल, राजीव शुक्ला, हार्दिक पांड्या और पृथ्वीराज कोठारी द्वारा बलात्कार–छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। आरोपों की पुष्टि कर रही पुलिस ने अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है।

# चिदंबरम का सरकार पर कटाक्ष : हम कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था बन गए

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नोटबंदी को लेकर शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि इस कदम के बाद चलन में नकदी घटने की बजाय बढ़ गई। उन्होंने ट्वीट किया, ''बदनाम नोटबंदी के पांच साल बीत जाने के बाद मोदी सरकार की लंबी–चौड़ी घोषणाओं की क्या स्थिति है? प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था कि हमें कैशलेस (नकद रहित) अर्थव्यवस्था बनना है। कुछ दिनों के भीतर अहसास हो गया कि यह हास्यास्पद लक्ष्य है। फिर उन्होंने इसमें संशोधन करते हुए कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था की बात की।'' पूर्व वित्त मंत्री ने दावा किया, ''नोटबंदी के समय चलन में कुल नकदी १८ लाख करोड़ रुपये थी और अब यह बढ़कर २८.५ लाख करोड़ रुपये हो चुकी है।'' पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, '' उच्च बेरोजगारी दर एवं मुद्रास्फीति की मार, गरीब एवं मध्यवर्ग कम नकद कमाते हैं और कम खर्च करते हैं। हम वाकई कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था बन गये है। थ्री चीयर्स।'' नोटबंदी के पांच साल बाद चलन में नोट धीरे धीरे लेकिन बढ़ते रहे।



हालांकि डिजिटल भुगतान में भी वृद्धि हुई और अधिकाधिक लोग बेनकदी भुगतान तरीके को अपना रहे हैं। मुख्य रूप से पिछले वित्त वर्ष में नोट चलन में बढ़े क्योंकि कई लोगों ने कोविड–१९ महामारी के बीच एहतियात के तौर पर नकद को रख लिया। इस महामारी ने सामान्य जनजीवन एवं आर्थिक गतिविधियों पर असर डाला। चिदम्बरम ने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने पेट्रोल एवं डीजल पर संग्रहित करों पर कुछ आंकड़ों का खुलासा किया है और यदि वे तोड़–मरोड़ कर पेश किये गये हैं तो केंद्रीय वित्त मंत्री को इस पर अपनी बात रखनी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''आंकड़ों से खुलासा हुआ कि २०२०–२१ में उत्पाद शुल्क के तौर पर ३,७२,००० करोड़ रूपये का संग्रहण हुआ। उसमें से बस १८,००० करोड़ रूपये ही मूल उत्पाद शुल्क के रूप में वसूले गये तथा ४१ फीसद राज्यों के साथ साझा किये गये। बाकी ३,५४,००० करोड़ रूपये केंद्र के पास गये। यह मोदी सरकार का 'सहयोग–परक संघवाद' नमूना है।'' कांग्रेस नेता ने सवाल किया इसके अलावा ३,५४,०००करोड़ रूपये की विशाल धनराशि कैसे और कहां खर्च की गयी। उन्होंने दावा किया, ''एक हिस्सा कोरपोरेट कर घटाने से पैदा हुए छेद को भरने तथा कोरपोरेट को १४,५००० करोड़ रूपये की सौगात देने के लिए किया गया।

## आरबीआई ने बैंकों से कहा, सिर्फ ब्याज भुगतान पर फंसे हुए कर्ज का न करें मानकीकरण


मुंबई। एक महत्वपूर्ण कदम के तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बेकार परिसंपत्तियों की पहचान के नियमों को सख्त बनाया और बैंकों को निर्देश दिया कि वे सिर्फ ब्याज भुगतान होने पर एनपीए खाते का मानकीकरण न करें तथा मूल राशि के विवरण के साथ ही देय तिथियों का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें। केंद्रीय बैंक समय–समय पर बेकार या विफल परिसंपत्तियों के वर्गीकरण पर नए संशोधित नियम जारी करता है। आरबीआई ने एक अक्टूबर, २०२१ को जारी किए गए प्रावधानों सहित सभी मौजूदा प्रावधानों पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए बैंकों से कहा कि केवल बकाया ब्याज का भुगतान होने पर एनपीए खाते का मानकीकरण न करें।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने काटी खुद की गर्दन

लखनऊ। हैदरगंज चौराहे पर गुरुवार को एक युवक ने पत्नी से परेशान होकर अपने गर्दन पर ब्लेड से वार कर दिया। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान अवस्था में युवक को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बाजारखाला पुलिस के मुताबिक मूल रूप से कोलकाता निवासी मोहम्मद आफताब आलम पिछले कुछ दिनों से पत्नी से नाराज है। आफताब की पत्नी शबा बाहर काम करती है। १७ साल पहले दोनों की शादी हुई थी।गुरुवार दोपहर में नशे में आफताब ने ब्लेड से अपनी गर्दन पर वार कर दिया। आफताब पत्नी को बाहर काम करने से मना कर रहा था। बताया जा रहा है कि आफताब पत्नी पर शक करने लगा था इसी बात को लेकर आए दिन दोनों में विवाद हो रहा था। आफताब पुराना हैदरगंज स्थित कारखाने में काम करता है। पुलिस ने आपके घर वालों को घटना की जानकारी दे दी है। अभी तक इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

# तो क्या वनडे और टेस्ट मैच की भी कप्तानी छोड़ देंगे विराट कोहली?

नई दिल्ली। टी२० विश्व कप २०२१ के साथ ही भारतीय क्रिकेट में एक शानदार युग का अंत हुआ जिसमें मुख्य कोच के रूप में रवि शास्त्री थे। सोशल मीडिया पर मीम बनाने वाले शायद ही रवि शास्त्री के द्वारा क्रिकेट के लिए किए गये कामों को जानते हैं। रवि शास्त्री ने कहा कि विराट कोहली, जिन्होंने भारत की ज्२० कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है, जल्द ही अपनी व्क् कप्तानी भी छोड़ सकते हैं, लेकिन, भारत के पूर्व मुख्य कोच का मानना घ्है कि कोहली को निश्चित रूप से टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी पारी को जारी रखना चाहिए। रवि शास्त्री–विराट कोहली युग का अंत हो गया है क्योंकि कोच का कार्यकाल टी२० विश्व कप के साथ समाप्त हो गया है। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि कोविड–१९ से जुड़े दबाव से निपटने के लिए विराट कोहली टी२० अंतरराष्ट्रीय के बाद अन्य प्रारूपों से भी कप्तानी छोड़ सकते हैं। यूएई में खेले जा रहे आईसीसी टी२० विश्व कप से भारत के जल्दी बाहर होने के साथ ही शास्त्री का टीम के साथ कार्यकाल समाप्त हो गया। शास्त्री ने 'इंडिया टुडे' से बातचीत में कोहली की कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह कार्यभार के बेहतर प्रबंधन के लिए अन्य प्रारूपों से भी नेतृत्व की जिम्मेदारी छोड़ सकते है।' उन्होंने कहा, '' टेस्ट क्रिकेट में उनकी कप्तानी में भारत पिछले पांच साल से शीर्ष पायदान पर काबिज है। जब तक वह मानसिक रूप से थका हुआ महसूस नहीं करेंगे तब तक वह उसे छोड़ना नहीं चाहेंगे। वह हालांकि निकट भविष्य में बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कप्तानी छोड़ सकते हैं।'' उन्होंने कहा, '' यह तुरंत नहीं होगा, लेकिन ऐसा हो सकता है। सफेद गेंद के क्रिकेट



(सीमित ओवरों के प्रारूप में) के साथ भी ऐसा हो सकता है। वह कह सकते है कि वह अब सिर्फ टेस्ट कप्तानी पर ध्यान केंद्रित करना चाहते है। '' शास्त्री ने कोहली को सबसे फिट क्रिकेटर करार देते हुए कहा, '' बहुत से सफल खिलाड़ियों ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए कप्तानी छोड़ दी है।'' उन्होंने कहा, '' उसमें खेल में अच्छा करने की भूख निश्चित रूप से बरकरार है, वह टीम में किसी से भी ज्यादा फिट है। उसके बारे में कोई शक नहीं। जब आप शारीरिक रूप से फिट होते हैं, तो खेल में आपकी उम्र बढ़ती है। कप्तानी के मामले में, यह उनका फैसला होगा, लेकिन मैं देखता हूं कि वह सफेद गेंद के क्रिकेट को ना कह सकते हैं लेकिन लाल गेंद क्रिकेट में उसे खेल जारी रखना चाहिये। क्योंकि वह टेस्ट क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ दूत रहे हैं।'' शास्त्री का अनुमान है कि कोहली के अलावा और भी कई खिलाड़ी बायो बबल की थकान से निपटने के लिए लंबा ब्रेक ले सकते हैं। उन्होंने कोविड–१९ के समय में विभिन्न प्रारूप के लिए अलग कप्तान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, '' ऐसे समय में अलग–अलग कप्तान होना जरूरी है क्योंकि इससे खिलाड़ी पर दबाव कम होगा। मुझे लगता है कि बहुत सारे खिलाड़ी ब्रेक लेना चाहते हैं। आपको समय–समय पर खेल से विश्राम देने की जरूरत होगी।'' भारत के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने खिलाड़ियों पर देश से ज्यादा आईपीएल को तरजीह देने के आरोप पर के बारे में पूछे जाने पर शास्त्री ने कहा, ''अप्रैल में आईपीएल के स्थगन के बाद उनके पास (बीसीसीआई) कोई विकल्प नहीं था। मुझे नहीं लगता कि भविष्य में फिर ऐसा होगा। जहां तक कपिल की बात है तो वह आईपीएल के कार्यक्रम को लेकर सही है क्योंकि इससे खिलाड़ियों की थकान बढ़ी।

# अब विवाहित पुत्री को भी मिल सकेगी अनुकंपा नौकरी

लखनऊ। सेवाकाल के दौरान दिवंगत हुए राज्य कर्मचारी की विवाहित पुत्री भी अब अनुकंपा आधारित नियुक्ति के लिए योग्य मानी जाएगी और इसके लिए आवेदन कर सकेगी। अभी तक उन्हें यह सुविधा नहीं हासिल थी। इसके लिए राज्य सरकार ने 'उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावलीश में बारहवें संशोधन को मंजूरी देते हुए मृतक कर्मचारी के कुटुंब की परिभाषा में विवाहित पुत्री को भी शामिल करने का फैसला किया है। कार्मिक विभाग के इस प्रस्ताव को बुधवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है।कैबिनेट में भदोही में



लोक निर्माण विभाग (लविप्रा) के गेस्ट हाउस के लिए भूमि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लविप्रा के गेस्ट हाउस के निर्माण के लिए पुरानी तहसील ज्ञानपुर परिसर स्थित निष्प्रयोज्य भवनों व उससे बगल में खाली स्थान की कुल ५७२०० वर्ग फीट की भूमि राजस्व विभाग से लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किये जाने का निर्णय किया गया है। इसके अलावा मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां व पंचायतें उप्र का त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष २०१३–१४ को विधान मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## रेलवे पटरी के किनारे अज्ञात महिला का मिला शव

लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक अज्ञात महिला घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक के किनारे पर मिली ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया दिन मंगलवार को अतरौली रेलवे क्रसिंग के पास एक अज्ञात महिला रेलवे ट्रैक के किनारे घायल अवस्था में दिखाई पड़ी आसपास से गुजर रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था



में महिला को आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया उप निरीक्षक हनुमान दत्त शुक्ला ने बताया अज्ञात महिला का शव सुरक्षित रखवा दिया गया है और महिला की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# दो फीट की टोटी से 5.6 फीट के युवक ने कैसे लगाई फांसी : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कासगंज में पुलिस हिरासत में हुई युवक की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर बड़ा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने एक नल की तस्वीर ट्वीट करते हुए पूछा है कि दो फीट ऊंची टोटी से ५.६ फीट के युवक ने फांसी लगा ली, यूपी में रोज ऐसी कितनी घटिया स्क्रिप्ट लिखी जाती है। अखिलेश ने कहा कि पुलिस वालों का निलंबन सिर्फ दिखावटी कार्रवाई है। घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिए ।सपा अखिलेश यादव ने बुधवार को ट्वीट किया कि, ...कासगंज में पूछताछ के लिए लाए गए युवक की थाने में मौत का मामला बेहद संदेहास्पद है। लापरवाही के नाम पर कुछ पुलिसवालों का निलंबन सिर्फ दिखावटी कार्रवाई है। इस मामले में इंसाफ व भाजपा के राज में पुलिस में विश्वास की पुनर्थापना के लिए न्यायिक जांच होनी ही चाहिए। अखिलेश इससे पहले भी पुलिस कस्टडी में मौतों को लेकर सरकार पर हमलावर रहे हैं।कासगंज में पूछताछ के लिए लाए गए युवक की थाने में मौत का मामला बेहद संदेहास्पद है। लापरवाही के नाम पर कुछ पुलिसवालों का निलंबन सिर्फ दिखावटी कार्रवाई है। इस मामले में इंसाफ व भाजपा के राज में पुलिस में विश्वास की पुनर्स्थापना के लिए न्यायिक जाँच होनी ही चाहिए ।सपा ने इस घटना की जांच एवं पीड़ित परिवार से मिलने के लिए छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बना दिया है। प्रतिनिधिमंडल १२ नवंबर को कासगंज पहुंचेगा। इसमें पूर्व एमएलसी डा. असीम यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवजन सभा मोहम्मद फहद, जिलाध्यक्ष कासगंज देवेन्द्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री मानपाल सिंह, एमएलसी अरविन्द प्रताप सिंह व कमल सिंह शाक्य शामिल हैं।बता दें कि कासगंज में मंगलवार को अल्ताफ नामक युवक की हिरासत में मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार किशोरी को अगवा करने के मामले में अल्ताफ को पूछताछ के लिए शहर कोतवाली बुलाया गया था। इस दौरान उसने हवालात के टायलेट में टोटी से फांसी लगा ली। अल्ताफ के घर वालों ने पुलिसवालों पर हत्या का आरोप लगाया है।



# युवक के कब्जे से अवैध कच्ची शराब पुलिस ने किया बरामद

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने एक युवक को अवैध देसी कच्ची शराब के साथ किया बरामद युवक के कब्जे से १० लीटर अवैध देसी कच्ची शराब पुलिस ने किया बरामद युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीत किया गया पुलिस द्वारा जानकारी के मुताबिक उपनिरीक्षक मय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मौजूद थे तभी मुखबिर की सूचना पर गोसाईगंज पुलिस विश्वास करते हुए बताए हुए स्थान सिटकिया कलां मन्दिर मोड पर जा पहुंची जहां पर एक संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा युवक पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगा गोसाईगंज पुलिस ने युवक को दौड़ाकर मौके पर ही दबोच लिया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मनोज कुमार पुत्र राम स्नेही निवासी सिटकिया कलां थाना गोसाईगंज बताया युवक के कब्जे से १० लीटर अवैध कच्ची शराब पुलिस ने किया बरामद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर गोसाईगंज थाना लेकर आई आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया


# स्कूटी सवार युवती से शोहदे ने की छेड़छाड़


लखनऊ। सआदतगंज थाने के पास बुधवार शाम खड़ी एक स्कूटी सवार युवती के पीछे बैठ गया और छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुनकर पहुंची पुलिस ने शोहदे को दबोच लिया और थाने लेकर पहुंची। इस बीच युवती के परिवारीजन और अधिवक्ता पहुंचे उन्होंने थाने में एक सिपाही को पीट दिया। थाने में हंगामा शुरू हो गया। दोनों पक्षों में धक्का–मुक्की हुई। पुलिस ने शोहदे को गिरफ्तार करने के साथ ही युवती के परिवारीजन के खिलाफ भी सिपाही से मारपीट, अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार शोहदा कांजमैन निवासी चंदन है। युवती थाने से कुछ दूरी पर स्कूटी लेकर खड़ी थी। इस बीच शोहदा पीछे से आया और वह स्कूटी पर बैठकर छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर गश्त कर रहे पुलिस कर्मी दौड़े और उन्होंने शोहदे को दबोच लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सिपाही शोहदे को लेकर थाने पहुंचे। इस बीच सूचना पर युवती के घर वाले और अधिवक्ता भी पहुंच गए। शोहदा शोर–मचा रहा था। कुछ लोगों का कहना है कि शोहदा नशे में था ।युवती के परिवारीजन और पुलिस कर्मियों के बीच थाने में नोकझोंक शुरू हो गई। इस बीच युवती के घरवालों ने सिपाही अखंड प्रताप को थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस ने डपटा तो लड़की के घर वाले हंगामा करने लगे। पुलिस और युवती के परिवारीजन के बीच धक्का–मुक्की शुरू हो गई। पुलिस कर्मियों ने युवती के घरवालों को डपटा और फिर समझाकर शांत कराया। सूचना मिलते ही डीसीपी सोमेन बर्मा पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इंस्पेक्टर ने बताया कि शोहदे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, युवती के घरवालों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।देर शाम थाने में पुलिस और युवती के परिवारीजनों के बीच नोकझोंक और हंगामे का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद अधिकारी थाने पहुंचे। पूरे मामले की जांच एसीपी बाजारखाला को दी गई है।

# अद्भुत साइलेंस : जोन ऑफ साइलेंस

अमरेन्द्र सहाय अमर हमारी दुनिया न जाने कितने रहस्यों से भरी है . इस रहस्यों का पता लगा पाना वैज्ञानिको के लिए भी टेढ़ी खीर है . ऐसा ही एक स्थान है जों आफ साइलेंस जो दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए आज भी एक रहस्य बना हुआ है. आपको जानकर हैरत होगी कि इस जगह कंपास, जीपीएस या कोई भी इलेक्ट्रनिक उपकरण काम नहीं करता है. आखिर धरती में यह कौन सी जगह है जहां यह अजीबोगरीब घटना होती है. जोन आफ साइलेंस मेक्सिको में चिहुआहुआन रेगिस्तान के नाम से जानी जाती है. शोधकर्ता आज तक इस तथ्य की जानकारी नहीं जुटा पाए हैं कि आखिर मेक्सिको के इस रेगिस्तान में रेडियो फ्रिक्वेंसी काम क्यों नहीं कर पाती. इस बंजर परती जमीन में जाते ही जाते ही सारे इलेक्ट्रनिक यंत्र बिलकुल बेकार हो जाते हैं. यह बेहद रहस्यमय स्थान है. यहाँ कोई आबादी नही है . आबादी यहां से लगभग २५ किलोमीटर दूर है . यहाँ कोई होटल या रहने का स्थान नही है. यहाँ किसी का आना जाना भी नही हैकहा जाता है वर्ष १६७० में जब एक अमेरिकी मिसाइल यहां पहुंचते ही क्रैश हो गया तब सबसे पहले इस जगह के बारे में पता चला, मिसाइल क्रैश की वजह का पता लगाने जब विशेषज्ञ इस स्थान पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि उनका जीपीएस तेजी से गोल चक्कर लगा रहा है. उनकी हैरत का ठिकाना नहीं था जब उन्हें पता लगा कि इस जगह पर कंपास या जीपीएस ही नहीं, कोई भी इलेक्ट्रनिक यंत्र काम ही नहीं कर रहा है. काफी जांच पड़ताल करने के बाद विशेषज्ञों ने पाया कि यह स्थान एक तरह का डार्क जोन था जहां टीवी सिग्नल, रेडियो, शॉर्ट वेव या सैटेलाइट सिग्नल तक नहीं पहुंच पा रहे थे. जिसके बाद उन्होंने इस स्थान को ‘जोन ऑफ साइलेंस’ नाम दे दिया. इस घटना के तुरंत बाद मेक्सिको की सरकार ने इस स्थान पर एक विशाल लैबोरेट्री तैयार किया और उसका नाम श्द जोनश रखा. बताया गया कि यहां के रहस्यों को जानने के लिए ये लैब बनी है. साथ ही इस अजीबोगरीब जगह की वनस्पति और कीड़े–मकोड़ों पर भी रिसर्च चल रहा है. शुरुआती शोध से पता चलता है कि जोन अफ साइलेंस में मैग्नेटिक गुण हैं, जिसके कारण यहां सारे यंत्र काम करना बंद कर देते हैं. हालांकि, वैज्ञानिक आज तक इस कारण का पता नहीं लगा पाए हैं कि इस जगह में यह गुण किस वजह से हैं. स्थानीय लोगों का मानना है की इस स्थान पर किसी एलियंस या पारलौकिक शक्तियों का बसेरा है उनका कहना है इस स्थान के आसमान पर लगातार चमक दिखती रहती है . इस स्थान पर चुनिन्दा वनस्पतियाँ मिलती हैं जो लगातार आग से झुलसती रहती हैं. इसका कारण तलाशा जा रहा है . कहा जाता है कि एक बार यहाँ एक टी वी क्रू के लोग आये थे तब उनका सामना अजीब गरीब लोगों से हुआ था उनके चेहरे ढके हुए थे. और वे लेम रेन कोट जैसा पोषक पहने थे जो रेगिस्तानी क्षेत्रो के के लिए अजीब सी थी. इन लोगों को देखकर टी वी क्रू के लोग घबरा गये और इन अजीब लोगों ने उन्हें इस क्षेत्र में घुसने नही दिया . वैसे विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थान पर आज से लाखों साल पहले समुद्र था, शायद यह स्थान समुद्र की धरातल रही होगी, हालांकि स्थानीय लोगों का मानना है कि जोन ऑफ साइलेंस में किसी पारलौकिक शक्ति वास करती है जो समझ के परे हैं. कुछ लोग तो ये भी मानते हैं कि यहां एलियंस रहते हैं।















# कासगंज में पुलिस कस्टडी में एक और युवक की मौत अति–दुखद व शर्मनाक : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के कासगंज में एक युवक की पुलिस हिरासत में संदिग्ध मौत होने के मामले पर दुख व्यक्त करते हुये राज्य सरकार से इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है। मायावती ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, "कासगंज में पुलिस कस्टडी में एक और युवक की मौत अति–दुखद व शर्मनाक। सरकार घटना की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दे और पीड़ित परिवार की मदद भी करें" मायावती ने पुलिस हिरासत में मौत के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा, "यूपी सरकार आए दिन कस्टडी में मौत रोकने व पुलिस को जनता की रक्षक बनाने में विफल साबित हो रही है। यह अति–चिन्ता की बात है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कासगंज में एक युवक अल्ताफ अहमद को पुलिस की ओर से पूछताछ के लिये पकड़े जाने के बाद हिरासत में संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला बता रही है।



# स्कूल बंद, ऑफिस बंद, प्रदूषण के कारण बने हालात को लेकर केजरीवाल ने किया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इमरजेंसी मीटिंग की है। जिसके बाद दिल्ली सरकार की तरफ से बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया गया है। एक हफ्ते के लिए स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा दिल्ली में तीन दिन के लिए सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। दिल्ली सरकार के कर्मचारी अब वर्क फ्रम होम करेंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार का ये फैसला १५ नवंबर यानी सोमवार से लागू होगा। उन्होंने कहा है कि १४ नवंबर से १७ नवंबर के बीच दिल्ली में कंस्ट्रक्शन से जुड़ी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। इस अवधि में कंस्ट्रक्शन से जुड़ी गतिविधियों की इजाजत नहीं दी जाएगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के बाद फैसला लिया है कि सोमवार से एक हफ्ते के लिए स्कूल बंद रहेंगे। सिर्फ वर्चुअल क्लास चलेंगी। १४–१७ नवंबर तक कंस्ट्रक्शन एक्टिविटी का काम बंद किया जाएगा। सरकारी दफ्तरों का वर्क फ्रम होम किया जा रहा है तो दफ्तर बंद रहेंगे। केजरीवाल ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में एडवाइजरी जारी की जाएगी कि वहां भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को वर्क फ्रम दिया जाए।



# ससुराल वालों से लिया पति से अनबन का बदला, तुड़वा दी ननद की शादी

नई दिल्ली। पति पत्नी की बीच अनबन तो चलती ही रहती है पर ज्यादा तर मामले या तो घर की चार दिवारी में ही सुलट जाते हैं।मामला अगर बढ़ भी जाए तो पुलिस और कोर्ट तक दंपति जाते हैं पर दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में एक ऐसा मामला सामने आय है जिसको देखकर पुलिस भी हैरान है। जहां एक पत्नी पति से विवाद के चलते अपने एक पुरूष मित्र के साथ मिलकर न सिर्फ अपने ससुराल वालों को परेशान करती है बल्कि अपनी ननद की शादी तक तुड़वा देती है। दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में एक परिवार में पति पत्नी में कुछ अनबन होने पर पत्नी मायके चली जाती है। मायके में महिला अपने एक मित्र की मदद से ससुराल वालों को भद्दे मैसेज भिजवाती है और धमकियां भी देती है, महिला यहीं नहीं रुकती वह अपनी ननद की शादी तक तुड़वा देती है। यह सबकुछ महिला अपने पति व ससुराल वालों को सबक सिखाने के लिए करती है। महिला ने अपने पुरुष मित्र के साथ मिल के प्ले स्टोर से एक ऐप डाउनलोड करती है महिला उस एप के मदद से अपने पुरुष मित्र से ससुराल वालों को भद्दे मैसेज भिजवाए मैसेज में उनकी कुंवारी ननद के बारे में बहुत कुछ लिखा था। महिला के पुरुष मित्र ने पीड़ित परिवार को गालियां भी दी साथ मामला खत्म करने के लिए २० लाख रुपये की मांग भी की है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सभी नंबरों की तकनीकी जांच कराई तो एक फोन का आईपी एड्रेस मिल गया। फिर इस आईपी एड्रेस की पड़ताल करते हुए पुलिस मुस्तफाबाद में रहने वाले आमिर तक पहुंच गई। आमिर ने पुलिस को बताया कि उसका फोन उसका भाई शाहबाज चला रहा है। पुलिस ने शाहबाज को गिरफ्तार कर लिया है। महिला अभी फरार चल रही है, उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# मणिपुर हमले को लेकर बोले राहुल गांधीः राष्ट्र की सुरक्षा करने में असमर्थ है मोदी सरकार

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में हुए उग्रवादी हमले को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस घटना से एक बार फिर साबित हुआ कि मोदी सरकार राष्ट्र की सुरक्षा करने में असमर्थ है। आपको बता दें कि मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में शनिवार को उग्रवादियों ने सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला किया। जिसमें असम राइफल्स यूनिट के एक कमांडिंग अफिसर कर्नल विप्लव त्रिपाठी उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई। इसके अलावा अर्धसैन्यबल के चार कर्मियों की भी मौत हुई है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में लिखा कि मणिपुर में सेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले से एक बार फिर साबित होता है कि मोदी सरकार राष्ट्र की सुरक्षा करने में असमर्थ है। शहीदों को मेरी श्रद्धांजलि व उनके परिवारजनों को शोक संवेदनाएँ। देश आपके बलिदान को याद रखेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सिंघट इलाके में हुए हमले के लिए उग्रवादी संगठन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी अफ कंगलीपक को जिम्मेदार माना जा रहा है। इस हमले में उग्रवादियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया है।



# शाहिद कपूर ने अली अब्बास जफर की फिल्म की शूटिंग शुरू की, शेयर की सेट की तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने शुक्रवार को फिल्मकार अली अब्बास जफर की आने वाली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी। मीडिया की खबरों के अनुसार, इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। कपूर और जफर पहली बार एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक 'क्राइम–एक्शन' फिल्म होगी। शाहिद कपूर (४०) ने सोशल मीडिया पर जफर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, '' पहला दिन, खून, अपराध और बहुत सारा एक्शन... । अली जफर अब्बास तैयार रहें।'' जफर ने भी फिल्म की शूटिंग शुरू करने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, '' आइए शाहिद कपूर, इसे शुरू करते हैं...क्या आप पागलपन...बंदूकों और गिरोहों का मजा लेने को तैयार हैं ?'' ऐसा कहा जा रहा है कि यह फ्रेंच फिल्म 'नाइट ब्लैंच' (स्लीपलेस नाइट) से प्रेरित है। इससे पहले इस फिल्म को तमिल में भी बनाया गया था, जिसमें दक्षिण–भारतीय फिल्मों के अभिनेता कमल हासन नजर आए थे। शाहिद कपूर इस फिल्म में एक पुलिस कर्मी की भूमिका में नजर आ सकते हैं, जो मादक पदार्थ के एक तस्कर की तलाश कर रहा है।



# लखनऊ से मुंबई आ रही पुष्पक एक्सप्रेस में युवती से सामूहिक बलात्कार, चार पकड़े गए

मुंबई। महाराष्ट्र में मध्य रेलवे के मार्ग पर इगतपुरी और कसारा स्टेशनों के बीच लखनऊ–मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में कुछ लुटेरों ने २० वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को दी। मुंबई जीआरपी के पुलिस आयुक्त कैसर खालिद ने कहा कि कथित अपराध तब किया गया जब एक्सप्रेस ट्रेन घाट खंड से गुजर रही थी। खालिद ने एक ट्वीट करके घटना और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी।उन्होंने कहा, "आरोपी इगतपुरी (औरंगाबाद रेलवे जिले) में लखनऊ–मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी डी –२ में सवार हुए और रात के दौरान ट्रेन के घाट क्षेत्र से गुजरने के दौरान अपराध को अंजाम किया।'' उन्होंने कहा कि ट्रेन के कसारा पहुंचने पर यात्रियों ने मदद मांगी। उन्होंने कहा कि जीआरपी मुंबई के अधिकारी और कर्मचारियों ने तत्काल कदम उठाया। उन्होंने कहा कि अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने एक और ट्वीट में कहा, "पीड़िता बीस साल की है और उसे हमारी महिला अधिकारी द्वारा मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। वह ठीक है। हम सभी सबूत एकत्र कर रहे हैं। हमारी टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है। हम उनके पिछले रिकर्ड की जांच कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पुलिस उपायुक्त और अपराध शाखा की एक टीम अपराध की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने ट्रेन यात्रियों से ६६,३६० रुपये की संपत्ति की लूट की, जिसमें ज्यादातर मोबाइल फोन थे। पुलिस ने उनके पास से अब तक ३४,२०० रुपये की संपत्ति बरामद कीहै। खालिद ने कहा कि मुंबई जीआरपी ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा ३६५, ३६७, ३७६ (डी), ३५४, ३५४ (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। खालिद ने कहा कि साथ ही कल्याण रेलवे पुलिस थाने में भी रेलवे अधिनियम के तहत भी शनिवार को मामला दर्ज किया।

# बेसिक विद्यालय अलीनगर में बढ़े धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

लखनऊ। नगर क्षेत्र जोन के स्कूलों में बाल दिवस का आयोन किया गया। बेसिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालयों में कोविड–१६ के प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए रैली का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने रैली गांव में रैली निकाल कर लोगों को जागरुक किया। इसके बाद सभी नें पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विद्यालय में उनका जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस के रूप मनाया गया। बेसिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार पाण्डेय नें सभी बच्चों बताया कि भारत देश में हर साल कुछ ऐसे बेहद जरूरी दिन आते हैं, जो बेहद ही खास होते हैं। जैसे– बाल दिवस, ये दिन हर साल १४ नवंबर को मनाया जाता है और इसे बच्चों के लिए सबसे खास दिन माना जाता है। दरअसल, १४ नवंबर को ही



भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस होता है। बच्चे जवाहरलाल नेहरू को प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। वहीं, उनका भी बच्चों के प्रति काफी प्रेम था। चाचा नेहरू जितना भी जिए, उन्होंने बच्चों को काफी प्रेम किया और अब हर साल इस दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बच्चों को उनकी शिक्षा के बारे में जागरूक करने और उनके अधिकारों के प्रति उन्हें बताने के लिए ये दिन मनाया जाता है। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि १४ नवंबर को ही ये दिन क्यों मनाया जाता है? उनहोंने बच्चों बताया कि..जवाहरलाल नेहरू का जन्म १४ नवंबर १८८६ को हुआ था, और वे बच्चों को राष्ट्र की असली ताकत और समाज की नींव मनाते थे। साल १६५६ से भारत में बाल दिवस मनाया जा रहा है। हालांकि, ये पहले २० नवंबर को मनाया जाता था, लेकिन जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद से इस तारीख को १४ नवंबर कर दिया गया। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि चाचा नेहरू बच्चों के प्यारे थे। बाल दिवस को २० नवंबर से १४ नवंबर करने के लिए भारतीय संसद में एक प्रस्ताव लाकर इसे पारित किया गया। इसके बाद से ही इसकी तारीख बदल दी गई। बाल दिवस के दिन बच्चों के कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्कूल से लेकर बाकी शैक्षणिक संस्थानों में इस दिन को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। बच्चों के लिए इस दिन कई तरह की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं और उन्हें उपहार भी दिए जाते हैं। इस आवसर पर बेसिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा में बच्चों नें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर बच्चों के साथ विद्यालय की शिक्षा मित्र सुनीता देवी यादव, रूबी राजपूत, संध्या राजपूत स्थनीय नागरिक राजेश जैसवाल उपस्थित रहे। साथ ही बच्चों को टाफी बिस्कुट का वितरण किया गया।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# कंगना रनौत पर नवाब मलिक का तीखा हमला, कहा– एक्ट्रेस ने ड्रग्स के नशे में हाई होकर दिया 'भीख में आजादी' वाला बयान

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता नवाब मलिक ने अभिनेत्री कंगना रनौत पर उनकी विवादास्पद 'स्वतंत्रता भीख' टिप्पणी पर तीखा हमला किया। नवाब मलिक ने ने कंगना पर टोन करते हुए कहा कि उन्होंने यह बयान मलाना क्रीम (ड्रग्स) पीकर हाई होकर दिया है। कंगना रनौत ने अपनी टिप्पणी के साथ खुद को एक बड़े विवाद में उतारा, जिसमें कहा गया था कि १६४७ में भारत की स्वतंत्रता 'भीख' या भिक्षा थी। उन्होंने कहा कि देश को वास्तविक स्वतंत्रता २०१४ में मिली थी – जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई थी। नवाब मलिक ने यह भी कहा कि उनका पद्म श्री पुरस्कार वापस लिया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने '२०१४ में स्वतंत्रता प्राप्त करने के अपने बयान से हजारों स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया था। 'मलिक ने कहा, ''कंगना रनौत का पद्मश्री वापस ले लिया जाना



चाहिए। उन्होंने ड्रग्स लेकर इस तरह का बयान दिया है। कांग्रेस ने 'भारत को आजादी भीख में मिलने' संबंधी अभिनेत्री कंगना रनौत के बयान को लेकर बृहस्पतिवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि यह 'देशद्रोह' है और इसके लिए कंगना से पद्मश्री सम्मान वापस लिया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर वायरल हुई २४ सेकेंड की एक क्लिप में रनौत को कहते सुना जा सकता है, १६४७ में आजादी नहीं, बल्कि भीख मिली थी और जो आजादी मिली है वह २०१४ में मिली। वह एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में बोल रही थीं जिसमें उनकी बात पर कुछ श्रोताओं को ताली बजाते भी सुना जा सकता है। कंगना की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा, ''मैं मांग करता हूं कि कंगना रनौत को अपने बयान के लिए सभी देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि हमारे स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों को अपमान हुआ है।'' उन्होंने यह भी कहा, ''भारत सरकार को ऐसी महिला से पद्मश्री सम्मान वापस लेना चाहिए जिसने महात्मा गांधी, सरदर पटेल, सुभाष चंद्र बोस, पंडित नेहरू, सरदार भगत सिंह का अपमान किया है। ऐसे लोगों को पद्मश्री देने का मतलब है कि सरकार इस तरह के लोगों को बढ़ावा दे रही है।'' वल्लभ ने यह आरोप लगाया कि कंगना का बयान 'देशद्रोह' है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी कंगना पर निशाना साधा और कहा कि उनका बयान उन लाखों लोगों का अपमान है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने जोर देकर कहा, ''कंगना ने जो कहा है, उसका हर भारतीय नागरिक विरोध करेगा

# बिग बॉस १५ होगा समय से पहले बंद! शो के मेकर्स को लगी ५०० करोड़ की चपत

मुंबई। बिग बॉस भारत के सबसे बड़े रियलिटी शो में से एक है, जिसे लोग खूब पसंद करते हैं। इस शो की टीआरपी हमेशा सबसे ज्यादा होती है और हर कोई इस शो को बड़े चाव से देखता है। इस शो को मशहूर अभिनेता सलमान खान होस्ट करते हैं, लोगों द्वारा इस शो को इतना पसंद करने का एक मुख्य कारण सलमान खान भी हैं। अब तक इसके १४ सीजन हो चुके हैं १५वां सीजन टीवी पर जारी है। हर साल यह शो कुछ महीनों के लिए आयोजित किया जाता है, कुछ प्रतियोगियों को लिया जाता है और अंत में, एक प्रतियोगी को विजेता घोषित किया जाता है। टीवी के सबसे विवादित शो को लेकर खबरें आ रही है कि मेकर्स शो को बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। करोड़ों की लागत से तैयार होने वाला बिग बॉस पिछले १५ सालों से लोगों का मनोरंजन कर रहा है और लगातार टीआरपी की रेस में अव्वल नंबर पर रहता है लेकिन बिग बॉस सीजन १५ में



बड़े–बड़े सितारे आने के बाद भी शो की टीआरपी लगातार गिरती जा रही है। टीआरपी गिरने के कारण शो के मेकर्स को लगभग ५०० करोड़ का नुकसान हुआ है। मेकर्स ने लगातार शो की टीआरपी बढ़ाने के नये–नेय पैंतरे अपनाये लेकिन कोई काम न आया। ताजा टीआरपी लिस्ट में बिग बॉस १५ १० ५ में अपनी जगह नहीं बना सका है। बिग बॉस १५ को हिट करवाने के लिए शो के मेकर्स ने पानी की तरह पैसे को बयाहा है। शो में बड़े–बड़े सितारों को लाने की कोशिश के साथ–साथ बिग बॉस १५ की थीम और घर पर करोड़ों खर्च किए गये। जंगल की थीम पर आधारित बिग बस १५ को दर्शकों ने पसंद नहीं किया। इसके अलावा शो में लोकप्रिय चेहरे लाने के लिए भी मेकर्स ने काफी पैसा खर्च किया ताकि सितारों के फैंस शो को हिट करवा सकें। एक अनुमान के अनुसार इस साल बिग बॉस की गिरती टीआरपी के कारण शो के मेकर्स को ५०० करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान हुई है। शो की टीआरपी किरने से बड़े–बड़े ऐड कम हो गये हैं। साथ ही शो पर भी काफी पैसा खर्च हुआ लेकिन उसका परिणाम कुछ नहीं हुआ। बिग बॉस लवर्स की मानें तो बिग बॉस के नये वर्जन को ओटीटी वूट पर रिलीज किया गया था। दर्शकों मे वूट पर शो को काफी चाव से देखा था। ६ हफ्ते चले शो को लोगों ने पसंद किया। बिग बस एक प्रतियोगिता है जिसे हर साथ फैंस एक समय पर दी देखना पसंद करते हैं। अब दो बार बिग बस की डोज लोगों को बोर कर गयी है। इस लिए भी ओटीटी के बाद दर्शक टीवी पर ज्यादा देखने में शो को दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक